पत्र संख्या ज्वा0 कमि0 (पुलिस)-//उपार्जित //चिकित्सा अवकाश// 2018-19// 317 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

(पुलिस कैम्प)

दिनॉक :: लखनऊ :: 01 अगस्त ~~जुलाई~~,2018

**समस्त**

**एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर,**

**उत्तर प्रदेश।**

कृपया अवगत कराना है कि वाणिज्य कर विभाग के विभिन्न जोनों में तैनात पुलिस कर्मियों के उपार्जित अवकाश प्रार्थना पत्रों को बिना सक्षम अधिकारी की संस्तुति के तथा चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्रों को बिना समुचित प्रपत्रों / परीक्षण के मुख्यालय को प्रेषित किया जा रहा है जिससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस कर्मियों को चिकित्सा अवकाश से वापस कार्यभार ग्रहण करने के समय उनसे फिटनेस प्रमाण पत्र तथा चिकित्सा से सम्बंधित अन्य प्रपत्र प्राप्त न करके उन्हें ऐसे ही कार्यभार ग्रहण करा लिया जाता है एवं वही आधे अधूरे प्रपत्र मुख्यालय को प्रेषित कर दिये जाते है ,जिससे अनावश्यक पत्राचार करना पड़ता है। कुछ जोनों के डिप्टी कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर कार्यालय द्वारा सीधे मुख्यालय से पत्राचार किया जा रहा है, जबकि जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर के माध्यम से किया जाना चाहिए।

समसन्दर्भ में अनुरोध है कि पुलिस कर्मियों के उपार्जित / चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्र सक्षम अधिकारी की स्पष्ट संस्तुति सहित समुचित प्रपत्रों के साथ परीक्षणोपरान्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर कार्यालय के माध्यम से ही मुख्यालय को प्रेषित किये जाय।

(एस0पी0उपाध्याय)

आई0पी0एस0

ज्वाइंट कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या:व दिनांक: उक्त।

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को वेबसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

2- समस्त डिप्टीकमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित की भविष्य में किसी भी तरह के पत्राचार सीधे मुख्यालय से न करके जोनल एडीशंनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर के माध्यम से ही किया जाय।

01/8/18

ज्वाइंट कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

DC (T) 1-8-18 1680